| | | |
|---|---|---|
| 1. | **गतिविधि का नाम** | **छात्र सम्मेलन एवं एंटी ड्रग शपथ कार्यक्रम** |
| 2. | **विषय** | नशा मुक्त भारत |
| 3. | **दिनांक एवं समय** | 16 मई 2026, अपराह्न 1:45 |
| 4. | **गतिविधि का स्थान** | मुख्यालय, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी |
| 5. | **रिसोर्स पर्सन** | डॉ.अजय आर्य,पुरा छात्र ,डॉ.दिनेश कांडपाल, उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय, हल्द्वानी |
| 6. | **आयोजक** | एंटी ड्रग सेल, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी |
| 7. | **गतिविधि का प्रकार** | जागरूकता कार्यक्रम |
| 8. | **गतिविधि का उद्देश्य** | • युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज में जागरूकता फैलाना<br>• नशीले पदार्थों और मादक द्रव्यों के सेवन को रोकना<br>• नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना |
| 9. | **प्रतिभागी** | उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के पूरा छात्र/ छात्राएं ,आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य, प्रशासनिक स्टाफ, शोधार्थी |
| 10. | **प्रतिभागियों की संख्या** | 30 |
| 11. | **संलग्नक** | 1. रिपोर्ट<br>2. कार्यशाला के छायाचित्र<br>3. उपस्थिति सूची |

दिनांक-16 मई 2026

## रिपोर्ट

**हल्द्वानी**| आज दिनांक 16 मई 2026 दिन गुरुवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की एंटीड्रग सेल के द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

विश्वविद्यालय में आयोजित छात्र सम्मेलन के दौरान एंटी ड्रग सेल की ओर से "नशा मुक्त भारत" अभियान के अंतर्गत एंटी ड्रग शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं पूरे छात्र समुदाय में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

माननीय कुलपति प्रोफ़े. नवीन चंद्र लोहानी के नेतृत्व में कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, शिक्षकगण, विशेषज्ञगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक

दुष्प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नशा मुक्ति हेतु परामर्श, पुनर्वास एवं सहयोग की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया।

इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को सेल के सदस्य डॉ. दिनेश कांडपाल ने नशा न करने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे तथा अपने मित्रों, परिवार एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान "स्वस्थ युवा, समृद्ध भारत" तथा "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जैसे संदेशों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया
कार्यक्रम के अंत में **माननीय कुलपति प्रोफ़े. नवीन चंद्र लोहानी, प्रभारी सामान अवसर प्रकोष्ठ प्रोफ़े. पी. डी. पंत**, विशेषज्ञों एवं आयोजकों ने विद्यार्थियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया तथा पुरा छात्रों से विश्वविद्यालय की एंटी ड्रग सेल से जुडने का आह्वान किया । कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा विद्यार्थियों में सकारात्मक जागरूकता एवं उत्साह देखने को मिला। गया।अंत में डॉ**. भानु जोशी, प्रभारी, एंटी ड्रग सेल** ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया|

कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. भानु जोशी, डॉ.सीता, डॉ. दिनेश कांडपाल, सुनीता भास्कर , डॉ.अनिल कोठारी, जगमोहन परगाई, विभु कांडपाल, राजेश आर्या,यशवंत ने विशेष योगदान दिया|

## छायाचित्र








रिपोर्टिंग:
डॉ. सीता, सदस्य, एंटी ड्रग सेल
उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, ,हल्द्वानी

डॉ.भानु प्रकाश जोशी
प्रभारी, एंटी ड्रग सेल
उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी